डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | श्रावण कृष्ण पक्ष ,03-2083 | भोपाल,दिन शनिवार,दिनांक 01 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

मेला खत्म होने के बाद गंदगी छोड़ने पर जुर्माना"

भोपाल। विहान गार्डन दशहरा मैदान में मेला समाप्त होने के बाद गंदगी छोड़ने पर नगर निगम ने आयोजक विमलेश्वरी एसोसिएशन के आर्थिक गुप्ता पर 16,200 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। वहीं जोन 13 से 36 में स्वच्छता नियमों के उल्लंघन के 82 मामलों में कुल 29,300 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

चौक बाजार की कपड़ा दुकान में आग, 80 लाख का नुकसान'

भोपाल। इब्राहिमपुरा स्थित मेला डिजाइनर स्टूडियो में एसीवी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग दो मंजिला दुकान तक फैल गई, जिसमें डिजाइनर कपड़ों का बड़ा स्टॉक जल गया। संचालक ने करीब 80 लाख रुपए के नुकसान का दावा किया है। संकरे रास्ते और बैरिकेडिंग के कारण दमकल देर से पहुंची।

लोगों ने खुद संभाला मोर्चा, आग फैलने से बची

भोपाल। फायर विभाग के देर से पहुंचने पर स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने पाइप, बाल्टी और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। लोगों की तत्परता से आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैली और बड़ा हादसा टल गया।

डेंटल सर्जन भर्ती में देरी, चयनित अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन

भोपाल। एमपीपीएससी डेंटल सर्जन भर्ती 2024 का परिणाम 7 जून को घोषित होने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर चयनित अभ्यर्थियों ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मेडिकल फिटनेस और पदस्थापना प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की।

कथावाचक पर दुष्कर्म का केस

सीधी। सीधी के कथावाचक शिव पूजन उपाध्याय उर्फ सुदामा पर पटना की एक युवती ने दुष्कर्म, धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर नर्दनीगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि वीडियो प्रेयर और शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शोषण किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कलाभाटा बांध का गेट खोला

मंदसौर। शिवना नदी के कैचमेंट क्षेत्र में तेज बारिश के बाद कलाभाटा बांध का जलस्तर बढ़ गया। पानी नियंत्रित रखने के लिए बांध का एक गेट 8 इंच तक खोला गया

झाबुआ के थांदला में हितग्राहियों को किए हितलाभ वितरित, मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूहों को प्रदान की 300 करोड़ रुपए ऋण राशि

174.64 करोड़ के 29 कार्यों का भूमिपूजन 109.17 करोड़ के 28 कार्यों का लोकार्पण

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का कार्य सरकार और सामाजिक दोनों स्तर पर हो रहा है। बहनें स्व-सहायता समूहों को नई ताकत दे रही हैं। कृषि, पशुपालन, बैंक, लघुवन समितियों भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बहनों की सामूहिक भूमिका से प्रत्येक परिवार में समृद्धि आ रही है। राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है। बहनों की शक्ति और आशीर्वाद से प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय थांदला, थांदला, जिला झाबुआ में आयोजित स्व-सहायता समूहों के क्षमतावर्धन एवं ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष नवरात्रि निकायों और पंचायतों में 60 प्रतिशत स्थान बहनों के लिए आरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पंचायत हेलीपैड बनेंगे। प्रत्येक विधानसभा में जोन स्तरीय

माही नदी पर महर्षि श्रृंगी की तपोभूमि श्रृंगेश्वर तीर्थ स्थल पर निर्मित होगा घाट

बनाएंगे। पद्मावती नदी पर छोटी काशी में भी घाट बनाया जाएगा। घाट निर्माण किया जाएगा।

जनजातीय अंचल में विकास के कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नया तेज गति से काम बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब लगातार तीन बार मध्यप्रदेश राज्य भ्रमण पर मुख्यमंत्री थे, तब झाबुआ के आदिवासी जनजातीय अंचल में विकास के अनुपात बढ़ा हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके मन में बहनों के लिए विशेष सम्मान है। उनके मार्गदर्शन में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी बहनें के सशक्तिकरण के लिए 300 करोड़ रुपए के ऋण दिए गए हैं। एक-एक समूह की बहनों की समृद्धि का मार्ग खुल रहा है।

हमारी बहनें 10-10 हजार रुपए प्रति महीना तक आय अर्जित कर रही हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 300 करोड़ रुपए 10 हजार रुपए प्रति महीना तक आय अर्जित कर रही हैं। प्रदेश की लाड़ली बहनें, उद्यमी बहनें, कृषि सखी सभी आगे बढ़ रही हैं।

स्व-सहायता समूहों की ओर से 148 पीएम केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। झाबुआ में भी बहनें 4 केंद्र चला रही हैं। प्रदेश में 80 सखीजिला पुस्तकालयों का संचालन स्व-सहायता समूहों की cguksa ds gkvs में है। गैर कृषि आजीविका 150 से अधिक कार्य बहनें कर रही हैं।

सीएम ने स्व-सहायता समूहों को राशि वितरित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए 300 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने झाबुआ जिले को 174.64 करोड़ रुपए के 29 विकास कार्यों के भूमि-पूजन और 109.17 करोड़ रुपए के 28 विकास एवं लोकार्पण कार्यों के लोकार्पण की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने आकांक्षित मेला अवार्डों का अवलोकन भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि 151 करोड़ की लागत से आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि-पूजन किया गया है।

यहां 35 करोड़ 29 लाख की लागत से कॉलेजिक शिक्षण शुरू होगा। झाबुआ के थांदला के ग्रेट मेलाडी की नुमाइश।

चौक बाजार की कपड़ा दुकान में भीषण आग, 80 लाख के नुकसान का दावा

संकरी गलियों से दमकल 50 मिनट देर से पहुंची

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी के चौक बाजार स्थित इब्राहिमपुरा में शुक्रवार दोपहर मेला डिजाइनर स्टूडियो में लगी आग ने लाखों का नुकसान कर दिया। दुकान संचालक अनुज मेला के अनुसार आग में डिजाइनर कपड़ों का बड़ा स्टॉक, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने करीब "80 लाख रुपए के नुकसान" का दावा किया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एसीवी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद पुराने दमकल को सूचना दी गई, लेकिन मौके पर पहुंचने में करीब "40 से 50 मिनट" लग गए। इस दौरान लोगों ने नगर निगम और अग्निशमन व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखने को मिली।

दमकल के पहुंचने से पहले स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों ने पाइप, बाल्टियों और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। उनकी तत्परता से आग को फैलने से रोकने में काफी मदद मिली। बाद में दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि आग समय रहते नियंत्रित नहीं होती तो आसपास की सटी हुई कई दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता था। फिलहाल आग से प्रभावित दुकान का आकलन किया जा रहा है और पुलिस व दमकल विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं।

भाग रहे ट्रक को स्कूटी अड़ाकर रोका, दस्तावेज नहीं मिलेय घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी का संदेह

"नव तारण गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई, 1079 एलपीजी सिलेंडर जब्त"

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नव तारण भारत गैस एजेंसी से 1079 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। इनमें भरी हुई 55 और कोचमा से पास अरेरा कॉलोनी स्थित गोदाम से 1000 सिलेंडर बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में

घरेलू सिलेंडरों को व्यावसायिक उपयोग के लिए बेचने की आशंका जताई गई है।

स्कूटी लगाकर रोका भागता ट्रक

बरोद पीपल चौराहे पर ट्रक रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। एएसआई अशोक लालवानी ने बिना गैस एप के बंद स्कूटी आगे लगाकर ट्रक रुकवाया। जांच में 38 घरेलू सिलेंडर मिले, लेकिन चालक और एजेंसी संचालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

गोदाम पर भी कार्रवाई

अरेरा गांव स्थित गोदाम से 1000 सिलेंडर और चार वाहन जब्त किए गए। जिला आपूर्ति नियंत्रक संदीप सिंह जादौन ने बताया कि एजेंसी पहले से विभाग की निगरानी में थी। कार्रवाई के दौरान अनियमितताओं पर प्रकाश डालने की कोशिश का भी आरोप लगा है। मामले की जांच जारी है।

हाईवे पर युवती से दुष्कर्म के प्रयास का मामला, साहस और पुलिस की तत्परता से टली बड़ी घटना

डीआर संवाददाता॥ गुना

गुना जिले के चंचौड़ा हाईवे पर बुधवार रात एक युवती के साथ दरिंदगी दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार, दूसरे राज्य से अपने मंगेतर से मिलने आई युवती उस्मान खान पंडारी सरकार मोटर से लौट रही थी। रास्ते में कुछ बदमाशों ने वाहन में खराबी होने का बहाना बनाकर दोनों को रोका लिया। इसके बाद आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की, नकदी और सामान लूट लिया तथा युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

पुलिस के अनुसार, युवती ने साहस का परिचय देते हुए आरोपियों का लगातार विरोध किया और शोर मचाया। इसी दौरान आसपास से गुजर रहे वाहनचालकों ने स्थिति भांपकर हस्तक्षेप करने की कोशिश की। एक वाहनचालक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद डायल-112 की टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम की आहट सुनते ही आरोपी मौके से जंगल की ओर फरार हो गए।

घटना के बाद पुलिस ने पीड़िता को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

50 हजार का इनाम... फिर भी नहीं मिला मिट्ठू, तोते की तलाश में पूरा शहर

डीआर संवाददाता॥ ग्वालियर

ग्वालियर में एक पालतू तोते के गायब होने से पूरा परिवार गम में डूबा है। अलकापुरी निवासी अनिल ओझा के घर की माता तोता स्वयंशुला उर्फ मिट्ठू तीन दिन पहले खुली खिड़की से उड़ गई। उसे सुरक्षित लौटाने वाले को लिए परिवार ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

मिट्ठू की तलाश में ई-रिक्शा से पूरे शहर में मुनादी कराई जा रही है और पोस्टर लगाए गए हैं। परिवार अब तक इस अभियान पर करीब 8 हजार रुपए खर्च कर चुका है। मिट्ठू के बिछड़ने का सबसे ज्यादा असर घर की बुजुर्ग दादी और छोटी पोती पर पड़ा है। परिजनों का कहना है कि दोनों ने तीन से चार-पांच दिन छोड़ दिया है और हर पल उसको लौटने का इंतजार कर रही हैं।

23 साल बाद असली मालिकों को मिली 3 करोड़ की जमीन

मुरैना। संभाग तहसील में प्रकाशन ने लगभग तीन करोड़ रुपये मूल्य की 4.1 बीघा सरकारी पड़ा भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। वर्ष 2003 में गरीब परिवारों को आवंटित इस जमीन का जमाना अब 23 साल बाद वास्तविक पट्टाधारियों और उनके वारिसों को सौंपा गया। कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने की।

42 जिलों में सामान्य से कम बारिश, अगले चार दिन भारी बारिश के आसार नहीं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्य प्रदेश में जुलाई महीने में अच्छी बारिश होने के बावजूद प्रदेश अब भी सामान्य से 13 प्रतिशत कम वर्षा के आंकड़े पर बना हुआ है। जून में बनकर मानसून के कारण यह कमी कही गई थी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 55 में से 42 जिलों में अब तक औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि अगस्त में यह कमी पूरी होने की संभावना जताई जा रही है।

पिछले 48 घंटों में मालवा-निमाड़ क्षेत्र के खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, धार और रतलाम सहित कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश हुई। खरगोन के गोगावां में 76 इंच, बुरहानपुर में 7 इंच और बैतूल के भीमपुर में 66 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। तेज बारिश से कई स्थानों पर नदियां और नाले उफान पर रहे। बड़वानी में जलभराव से घरों में पानी घुस गया, जबकि खंडवा में मक्का और कपास की फसलें प्रभावित हुईं। वहीं आजना और सुक्ता नदी में बाढ़ जैसे हालात बने रहे। लोगों को एसडीआरएफ ने सुरक्षित बाहर निकाला। मौसम विभाग का कहना है कि सक्रिय मानसूनी सिस्टम अब कमजोर पड़ रहे हैं।

समीक्षा

भोपाल की 19 गैस प्रभावित बस्तियों में दूषित पानी की सप्लाई का दावा

30 बस्तियों से लिए 63 नमूनों में 43 में मिला फीकल कोलीफॉर्म,

डीआर संवाददाता॥ इंदौर

गैस प्रभावित बस्तियों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। गैस पीड़ित संगठनों ने दावा किया है कि यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास की कई बस्तियों में नगर निगम दूषित पानी की सप्लाई कर रहा है। जुलाई में 30 बस्तियों से लिए गए 63 पानी के नमूनों में से 43 में फीकल कोलीफॉर्म (मल से जुड़े बैक्टीरिया) पाए गए हैं। संगठन का कहना है कि इससे करीब दो लाख लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

70 प्रतिशत नमूनों में मिला फीकल

कोलीफॉर्म

भोपाल गैस पीड़ित महिला-पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने बताया कि जांच में करीब 70 प्रतिशत नमूने दूषित पाए गए। उनके अनुसार 30 में से 19 बस्तियों में सप्लाई होने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ा तालाब और कोलार परियोजना के पानी में सीवेज का मिलना होने से लोगों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी हवाला

भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रभावित क्षेत्रों में सीवर लाइन और बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने तीन साल में काम पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी।

निगम ने दावों को बताया जांच का विषय

नगर निगम ने संगठनों के आरोपों पर कहा कि गैस प्रभावित 42 बस्तियों में पाइपलाइन के जरिए पानी की आपूर्ति की जा रही है और जल गुणवत्ता की नियमित जांच होती है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा कि शिकायतों के बाद संबंधित क्षेत्रों से पानी के नमूनों की दोबारा जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम का स्वांग इंकार.

इस संबंध में जब करीब 27 हजार कॉल्स ले चुके हैं। कहीं भी फीकल कोलीफॉर्म की पुष्टि नहीं हुई है। जो भी आरोप हैं वे निराधार हैं। —

जयंत गर्ग, अतिरिक्त कमिश्नर, जलकार्य शाखा, नगर निगम भोपाल

नकली पुलिस बनकर करते थे वसूली, भीड़ ने खोली खाकी की पोल

कमर में नकली पिस्टल, बाइक पर पुलिस का स्टीकरय पहचान पत्र मांगते ही खुल गया पूरा खेल"

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी के शाहपुरा इलाके में किसी अपराध में कार्रवाई पुलिस बनकर लोगों से वसूली करने वाले दो युवकों का भंडाफोड़ हुआ है। दोनों आरोपी पुलिस का स्टीकर लगी बाइक और कमर में नकली पिस्टल लेकर वाहन चालकों को रोकते थे। वे खुद को गोविंदपुरा थाने का पुलिसकर्मी बताकर हेलमेट और दस्तावेज जांच के नाम पर लोगों को डराते थे। शैलाश सिंह पौराड़े पर पहचान पत्र मांगने पर दोनों जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद लोगों ने उन्हें पकड़कर शाहपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में पिस्टल नकली निकली।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रमोद निवासी अमान खान और शेख निवासी जावीद मिश्रा के रूप में हुई है। एक एमबीए पास युवक है, जबकि दूसरा बीए-एलएलबी का छात्र है। पुलिस ने धोखाधड़ी, फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों को गुमराह करने और वसूली के प्रयास संहिता विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर श्रापण कृष्ण पक्ष ,03-2083 सीहोर,दिन शनिवार,दिनांक 01 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

सीहोर। डाकरंज थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो न्यायालय ने 24 वर्षीय आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता को एक लाख रुपये प्रतिकर देने और आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया। यह मामला वर्ष 2024 में दर्ज हुआ था और शासन ने इसे जघन्य श्रेणी में शामिल किया था।

नर्मदा किनारे छिपी पोकलेन मशीन जब्त

भैरूंदा। हिमावर घाट क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नर्मदा किनारे एक नाले में छिपाकर रखी पोकलेन मशीन जब्त की। एसडीएम सुधीर कुशवाहा के निर्देशन में राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। मशीन को खनिज विभाग के सुपुर्द कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

नशे के खिलाफ जागरूकता दौड़ में 250 से अधिक लोग शामिल

सीहोर। नशे के खिलाफ दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के समापन पर सीहोर में जागरूकता दौड़ आयोजित की गई। मोतीलाल नेहरू आवासीय परिसर से शुरू मालवा तक हुई दौड़ में 250 से अधिक बच्चे, युवा और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। एसपी सोनाक्षी बागरेचा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की और स्वयं भी इसमें शामिल हुईं। 15 दिन चले अभियान में 312 कार्यक्रम आयोजित किए गए और विभिन्न 4 ब्लॉक मुख्यमंत्री से 55 लाख से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया।

मूंग खरीदी सीमा बढ़ते ही केंद्रों पर अव्यवस्था

भैरूंदा। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की सीमा बढ़ने के बाद पैसेंजा के खरीदी केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रीराम फेयर हाउस के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार से भोपाल रोड पर करीब दो किलोमीटर का जाम लग गया। विवाद के बाद खरीदी तीन घंटे तक बंद रही। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर टोकन व्यवस्था लागू कर हालात सामान्य कराए।

सावन की दूज पर निकली 36 किमी लंबी देवनारायण झंडा यात्रा

अहमदपुर। सावन माह की दूज पर देवनारायण झंडा समिति ने 36 किलोमीटर लंबी झंडा यात्रा निकाली। यात्रा राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई देव बरवोड़ी स्थित देवनारायण मंदिर पहुंची। यहां भगवान देवनारायण की पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा महाप्रसादी का वितरण किया गया।

बिजली कटौती और ई-टोकन व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन जावर। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह

वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर, खाद वितरण और ई-टोकन व्यवस्था और लंबित वृद्धावस्था पेंशन के विरोध में ट्रैक्टर रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

मौसमी बीमारी दूषित पानी और बदलते मौसम से बढ़ीं बीमारियां, जिला अस्पताल में जुलाई में हजारों मरीज पहुंचे

रोजाना 1000 से 1500 मरीज करा रहे इलाज, मेडिसिन विभाग में सबसे अधिक दबाव, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिले में लगातार बदल रहे मौसम और दूषित पेयजल के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। तेज गर्मी, उमस और बीच-बीच में हो रही बारिश ने संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा दिया है। इसका सीधा असर जिला अस्पताल की ओपीडी पर दिखाई दे रहा है, जहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जुलाई महीने में जिला अस्पताल की ओपीडी में 35 हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे, जबकि प्रतिदिन औसतन 1000 से 1500 मरीज ओपीडी से परामर्श लेने पहुंच रहे हैं। बढ़ती भीड़ के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बन गया है।

मेडिसिन विभाग में सबसे ज्यादा मरीज

जिला अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार जुलाई महीने में सबसे अधिक ब्लड मेडिसिन विभाग पर रहा। वहां 13 हजार 324 मरीजों का उपचार किया गया। इसके 8 हजार से अधिक मरीज दूषित पानी और मौसम में बदलाव से होने वाली बीमारियों से प्रभावित पाए गए। डॉक्टरों के अनुसार इन दिनों वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, गले का संक्रमण, टॉन्सिल, साइनस, पाचन के संक्रमण, उल्टी-दस्त, पेचिश और टायफाइड के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि अब तक जिले में डेंगू और मलेरिया का कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया है।

15 लाख आबादी का प्रमुख उपचार केंद्र

करीब 15 लाख से अधिक आबादी वाले सीहोर जिले में बार जिला-नसरुल्लागंज, आष्टा, इछावर और बुधनी शामिल हैं। जिले में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल संचालित हैं, लेकिन गंभीर और जटिल मरीजों को रेफर के लिए जिला अस्पताल ही रेफर किया जाता है। यही कारण है कि जिले के सभी ब्लॉक से मरीज यहां पहुंचते हैं और मौसमी बीमारियों के दौरान अस्पताल पर मरीजों का दबाव कई गुना बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अस्पतालों को दिए निर्देश

मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार उपाध्याय ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और

सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मरीज के मौसम में मौजूदा जलजनित बीमारियों से गंभीर संक्रमण का खतरा बना सकती है। सभी लिखी जरिए को पेय पुनर्वास, सरकार खोदी, उबली, ठंडा या अन्य साधनों के उपयोग किया है तो खाद्य तथा पेय के प्रयोग तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या है। यदि पानी की गुणवत्ता पर संदेह हो तो उसे उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर उपयोग करने की सलाह दी गई है। भोजन से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद साबुन से हाथ धोने, ताजा भोजन करने तथा खुले में बिकने वाले कटे फल, चाट-पकौड़ी और अन्य असुरक्षित खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी गई है। इसके अलावा घर और आसपास साफ-सफाई रखने तथा कहीं भी पानी जमा नहीं होने देने की सलाह भी दी गई है ताकि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा कम किया जा सके।

लोगों के लिए जारी की गई एडवाइजरी

उमाशंकर, इन्द्रा आष्टा ब्यूरो। जिले में बीमार मरीज और बढ़ता हुआ पानी तीन की आशंका को देखते हुए जिला अस्पताल ने एडवाइजरी जारी की है। अस्पताल प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि उबला हुआ पानी ही पीएं, खुले में बिकने वाले कटे फल और चाट-पकौड़ी से बचें तथा बुखार, उल्टी-दस्त या पेट संबंधी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में संपर्क करें। अस्पताल प्रबंधन ने यह भी कहा है कि मरीजों को बिना जरूरत अस्पताल आने से बचना चाहिए ताकि गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

हनुमान मंदिर हटाने की आशंका पर ग्रामीणों का चक्काजाम

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिले के सीहोर-नरसिंहगढ़ मार्ग के दौरान दिगवारा स्थित हनुमान मंदिर को हटाए जाने की आशंका को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने सीहोर-रायसेन जिले की सीमा पर करीब दो घंटे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक जाम समाप्त कर यातायात बहाल करा दिया।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मौके पर नीलूर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मंदिर को उसके वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि हनुमान मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसे किसी भी स्थिति में हटाया या स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए करने की मांग की।

चक्काजाम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु-संत भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि मंदिर से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी और यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मंदिर को यथावत रखने का आश्वासन नहीं मिला तो अगले दिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक दोबारा चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों ने सड़क निर्माण और विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन धार्मिक स्थलों की गरिमा और जनभावनाओं का भी समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए।

शहर के कई इलाकों में जलभराव से बढ़ी परेशानी

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर में शुक्रवार को कभी तीखी तो कभी तेज झमाझम बारिश का दौर चलता रहा। करीब 20 मिनट की तेज बारिश ने नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सड़कों पर घुटने भर पानी भर गया, जिससे पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा, जबकि कुछ वाहन बीच सड़क पर बंद हो गए। बारिश का असर केवल सड़कों पर ही नहीं तक सीमित नहीं रहा। शहर के

कई प्रमुख मार्गों और अंडरपास बस्तियों में भी जलभराव की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के घरों में घुस गया। कई जगह लोगों के घरों और दुकानों के सामने घुटने भर पानी जमा हो गया। हालात तब और बिगड़ गए जब नगर पालिका ने जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने का दावा किया था। अधिकारियों ने नालों और नालियों की सफाई तथा पुराने निकासी के विशेष उपाय करने की बात कही थी, लेकिन पहली ही तेज बारिश में दावों की हकीकत सामने आ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जाता। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी जिले में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। ऐसे में नागरिकों ने नगर पालिका से जल निकासी व्यवस्था में तत्काल सुधार और चोक नालियों की सफाई कराने की मांग की है।

भैरूंदा में मूंग खरीदी केंद्र पर हंगामा, तीन घंटे बंद रही खरीदी

डीआर संवाददाता>भैरूंदा

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की प्रति एकड़ सीमा बढ़ाए जाने के बाद शुक्रवार को भैरूंदा के उपखंड केंद्र पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह अधिक आवाजाही होने लगे सिवा श्रीराम फेयर हाउस पर केंद्रों की ओर से, उन्हें पहले तौल कराने की होड़ में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर पहुंच गए। इससे केंद्र के बाहर लंबा जाम लग गया और खरीदी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई।

केंद्र के बाहर बेतूलबीच खाद वाहनों के कारण भोपाल रोड पर करीब दो किलोमीटर तक यातायात बाधित रहा। पहले तौल को लेकर किसानों के बीच कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में विवाद में बदल गई। स्थिति बिगड़ने पर प्रशासन को खरीदी कार्य करीब तीन घंटे के लिए रोकना पड़ा।

सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

अधिकारियों ने किसानों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद प्रशासन ने टोकन सिस्टम लागू किया, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को व्यवस्थित कराया और क्रमबद्ध तौल की व्यवस्था शुरू कराई। खरीदी दोबारा शुरू होने के बाद अतिरिक्त दबाव को देखते हुए कुछ किसानों को अन्य उपार्जन केंद्रों पर भेजा गया।

एसडीएम दिनेश कुशवाहा ने बताया कि मूंग खरीदी केंद्र और आसपास के वेयरहाउसों का निरीक्षण किया गया। व्यापारियों के गोदामों की जांच में कोई अनियमितता नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि केवल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार मूंग की ही खरीदी की जाएगी तथा पूरी व्यवस्था पर प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है।

अधिकारी-कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, उनका अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर

डीआर संवाददाता>सीहोर

नगर पालिका परिषद में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले तीन कर्मचारियों के सम्मान में शुक्रवार को महत्वपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राजौर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल एवं सफल जीवन की कामना की। अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राजौर ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, बल्कि उनकी कार्यशैली, अनुभव और सेवा भावना समाज के लिए हमेशा प्रेरणा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक

ईमानदारी और निष्ठा से सेवा देने वाले कर्मचारियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

समारोह में करीब 42 वर्षों तक विभिन्न के रूप में सेवाएं देने वाले कमल सिंह, 30 वर्षों से अधिक समय तक वार्ड ऑपरेटर के रूप में सेवारत रहे पवन उपाध्याय तथा नगर पालिका के उद्यान गार्ड में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले मंगीलाल लोधा को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कर्तव्यपरायण को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सत्यम शुक्ला ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन नई पीढ़ी के कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक रहेंगे। समारोह के दौरान कर्मचारी संघ ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राजौर का सम्मान भी ऊनकाहपूर्वक कराया। संघ की ओर से उन्हें भगवान की प्रतिमा भेंट कर दीर्घायु एवं उत्तम जनसेवा की शुभकामनाएं दी गईं।

सीहोर मंडी भाव 31 जुलाई 2026रू सोयाबीन 7117 और लहसुन 16000 प्रति क्विंटल तक, जानें आज के ताजा भाव

डीआर संवाददाता>सीहोर

छावे उपज मंडी समिति सीहोर ने 31 जुलाई 2026 का दैनिक मंडी भाव जारी कर दिया है। आज मंडी में कुल 5653 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। प्रमुख फसलों में सोयाबीन, गेहूं, चना, मूंग, सरसों, धनिया, प्याज और लहसुन की अच्छी आवक रही। किसानों को कई फसलों में बेहतर दाम मिले।

आज पीला सोयाबीन का अधिकतम भाव 7117 रुपये प्रति क्विंटल और मॉडल भाव 7100 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं मंडी में गेहूं का अधिकतम भाव 4201 रुपये प्रति क्विंटल रहा। लहसुन ने एक बार फिर उत्पा भाव हासिल करते हुए 16000 रुपये प्रति क्विंटल का अधिकतम स्तर छुआ, जबकि इसका मॉडल भाव 8901 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

अन्य फसलों की बात करें तो मूंग का अधिकतम भाव 7601 रुपये, सरसों का 7501 रुपये, चना का 6751 रुपये, धनिया 15400 रुपये और प्याज 2446 रुपये प्रति क्विंटल।

मंडी प्रशासन ने किसानों को सलाह दी है कि उपज लेकर मंडी आने से पहले ताजा भाव की जानकारी अवश्य प्राप्त करें ताकि उन्हें अपनी फसल का बेहतर मूल्य मिल सके।

बैठक ,सीहोर कांवड़ यात्रा की तैयारियां तेज, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

डीआर संवाददाता>सीहोर

सीहन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक प्रस्तावित कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर बालगुरु के और पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी बागरेचा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। नगर पालिका को यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई बनाए रखने और मार्ग के विस्तार निर्माण के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीहन नदी घाट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी श्रद्धालु को नदी में उतरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। घाट पर सुरक्षा बल, बोट और अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधन तैनात रहेंगे। कुबेरेश्वर धाम में पार्किंग और यातायात व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को वाहनों के लिए निर्धारित क्षेत्र, वाहन पार्किंग स्थल, डायवर्जन प्लान, ट्रैफिक डायवर्जन, बैरिकेड लगाने और अनाउंसमेंट सिस्टम लगातार सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, चिकित्सा, शौचालय तथा प्रकाश-विकास व्यवस्था भी सुदृढ़ की जाएगी। बैठक में उपर कलेक्टर हर्षित सक्सेना, एसडीपी डॉ. अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने किया मत्स्यबीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिला पंचायत सीईओ सर्जना कवच ने ग्राम नेवरिया स्थित मत्स्यबीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय नर्सरी एवं ब्रूडमीज हैचरी में संचालित मत्स्यबीज उत्पादन कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को उत्पादन की गुणवत्ता एवं क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के स्थानीय मत्स्य पालकों को बेहतर गुणवत्ता का मत्स्यबीज समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें निजी स्रोतों पर निर्भर न रहना पड़े और जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने मत्स्यबीज उत्पादन में आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया, जिससे सीहोर जिला मत्स्यबीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। निरीक्षण के दौरान मत्स्य अधिकारियों ने बताया कि विभागीय मत्स्यबीज प्रक्षेत्र में मछली का बीज उपलब्ध है।

इच्छुक मत्स्य कृषक मत्स्य विभाग से संपर्क कर शासकीय दरों पर मत्स्यबीज प्राप्त कर सकते हैं। इससे मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मत्स्य विभाग के सहायक संचालक प्रशांत हर्ष, वेट्स. सिंह सिलोदिया, उमराव सिंह तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

पहली बारिश में उखड़ी सड़कें, लोगों की बढ़ी परेशानी

आष्टा। तेज बारिश के बाद पुराना भोपाल-इंदौर हाईवे सहित शहर की कई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। पिछले वर्ष कराया गया डामरीकरण पहली ही बारिश में उखड़ गया। किला रोड, सब्जी मंडी, सुजावरा रोड और पार्वती पुल क्षेत्र में अवागमन प्रभावित है। नागरिकों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

जलवायु-लचीली कृषि कार्यशाला में शामिल होंगे विधायक

आष्टा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर दो दिवसीय प्रवास पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। वे इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित नीति और शासन के माध्यम से जलवायु-लचीली कृषि को गतिशील बनाना विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेंगे। कार्यशाला में कृषि क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों और नई नीतियों पर चर्चा होगी।

शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नैलचा। नवयुवक महिला मंडल के तत्वावधान में गांव रोजरीपाल शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास पंडित शाम लिखा ने प्रवचन देते हुए कहा कि अपने कर्म ही मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बैठक व्यवस्था की गई है। पुलिस ने आयोजन स्थल के आसपास यातायात व्यवस्था भी सुनिश्चित की।

श्रावण भर प्राचीन शंकर मंदिर में होगा रुद्राभिषेक

जावर। श्रावण मास के प्रथम दिन नेवज नदी तट स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक और विशेष पूजा हुई। मंदिर समिति ने बताया कि पूरे श्रावण माह अतिदिन सुबह रुद्राभिषेक और महाआरती आयोजित होगी। पिनलेश्वर महादेव और देवांशल धाम में भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष धार्मिक आयोजन होए जाएंगे।

आष्टा में आज चार घंटे बिजली रहेगी बंद

आष्टा। रखरखाव कार्य के चलते शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली विभाग ने बताया कि हाईवोल्टेज-लूकात से प्रभावित ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जाएगी। कस्बापार, तहसील, कोर्ट, मंडी, नगर पालिका और अन्य प्रमुख क्षेत्रों की बिजली भी प्रभावित रहेगी। शिकायत के लिए हेल्पलाइन 1912 जारी की गई है।

पारदर्शिता की मांग

शिक्षा व्यवस्था में सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग

नीट परीक्षा अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»आष्टा

भारतीय विद्यार्थी मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में विद्यार्थियों और नागरिकों की आष्टा में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा नीट-यूजी परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाना समय की आवश्यकता है और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

नीट अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग

छात्र प्रकोष्ठ की रंजना मालवीय ने बताया का बताया गया है कि नीट-यूजी परीक्षा में लाखों अनियमितताओं ने करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि केवल जिम्मेदार व्यक्तियों के इस्तीफे से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि पूरे मामले की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

परीक्षा प्रणाली में सुधार की उठाई मांग

ज्ञापन में नीट परीक्षा प्रणाली की समीक्षा कर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय समीक्षा कराने तथा नीट और एलएसएटी (सीजीएल) सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही वर्ष 2011 से लुप्त लेफ्ट विंग्स के विद्यार्थी संगठनों की अनेकांवार मान्यता करने और छात्र व युवा संगठनों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण दोहरी प्रक्रिया खत्म करने की मांग भी उठाई गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की समीक्षा की मांग

संगठनों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की समीक्षा, पाठ्यक्रम की सुलभता और अनेकानेक की मांगों, समान शिक्षा व्यवस्था एवं रचनात्मक पाठ्यक्रमों की जगह की गई सीटों को पुनः बहाल करने की मांग भी की। इसके अलावा छात्र-नगर पर शीघ्र कार्रवाई करने वाले छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने और छात्राओं के स्वयं द्वारित पूर्वाग्रहपूर्ण के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

20 अगस्त को आंदोलन की चेतावनी

रंजना मालवीय ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो 20 अगस्त 2026 को जिला मुख्यालय पर दूसरे चरण का व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान रंजना मालवीय, अलका मेवाड़ा, बी. एस. भदौरिया, धर्मसिंह मालवीय, रितेश मालवीय, महेश मेवाड़ा, पंकज वर्मा, देवेंद्र कुशवाह, जगन्नसिंह परमार, गुलाबसिंह पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीहोर में अवैध सागौन तस्करी पर वन विभाग की कार्रवाई, दो बाइक और लकड़ी

डीआर संवाददाता»जावर

जिले के भेरूंदा वन परिक्षेत्र की लाडकुई रेंज में वन विभाग ने अवैध सागौन लकड़ी के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो मोटरसाइकिलों सहित सागौन की लकड़ी जब्त की है। कार्रवाई किडावी घाट के पास की गई, जहां वन अमले को देखकर तस्कर जंगल में फरार हो गए। मामले में वन अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभाकरसिंह राईकवार के नेतृत्व में विशेष टीम ने सिवड़ी-पिपलानी मार्ग पर निगरानी की। पेर वाल मुखबिर से सूचना मिली कि जंगल से मोटरसाइकिलों पर सागौन की लकड़ी रखी गई है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और वाहनों के बीच में होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद की, जिन पर सागौन की लकड़ी बंधी हुई थी। वन अमले को देखकर मौके पर मौजूद लोग जंगल की ओर भाग निकले।

वन विभाग ने दोनों मोटरसाइकिलों और लकड़ी को जब्त कर कानूनी तौर पर मुहमाया। जांच में कुल सात नग सागौन की लकड़ी मिली, जिसका कुल आयतन 0.182 घन मीटर और अनुमानित मूल्य 16,360 रुपये आंका गया है। दोनों बाइक बिना पंजीयन नंबर की थीं, जिससे इनकी अवैध गतिविधियों में उपयोग होने की आशंका जताई जा रही है।

सत्य समिति की ओर से निर्धन व्यक्ति का विधि-विधान से दाह संस्कार कराया, अब तक 109 जरूरतमंदों का किया अंतिम संस्कार

डीआर संवाददाता»सीहोर

विगत कई सालों से सत्य समिति की ओर से निर्धन, बेसहारा और अकेलापन व्यक्ति का दाह संस्कार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के फारेस्ट कालोनी में 45 साल की एक निर्धन महिला का निधन हो गया था। जानकारी मिलते ही पूर्ण विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। अब तक करीब 109 लोगों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है।

सत्य के अध्यक्ष शंकर प्रजापति सहित अन्य सदस्य को फेरी में निर्धन व्यक्ति के मृत होने की जानकारी मिलती है। हमारी संस्था और प्रेरणा महिला मंडल के सहयोग से अंतिम संस्कार किया जाता है। अंतिम संस्कार में सहयोग करने वाले डॉ. कैलाश अग्रवाल, चैतन्य पंगेल, सुनील दुबे, ललित जैन, विनय जैन, डॉ. नवीन, श्याम सुंदर गोदी, मनोज कटारे, नंदकिशोर राठौर आदि शामिल थे।

विश्व मानव तस्करी रोकथाम दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

विश्व मानव तस्करी रोकथाम दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस तथा विभिन्न संगठन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सीहोर रेलवे स्टेशन पर बाल संरक्षण एवं मानव तस्करी रोकथाम के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता गीतों के माध्यम से बालिकाओं एवं आमजन को बाल तस्करी, बाल संरक्षण तथा बच्चों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बाल तस्करी एक गंभीर अपराध है तथा रेलवे के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें। नागरिकों से अपील की गई कि यदि किसी बच्चे के साथ संदिग्ध गतिविधि, जबरन श्रम अथवा पलायन अथवा तस्करी की आशंका दिखाई दे तो तत्काल पुलिस-112, रेलवे सुरक्षा बल अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देकर बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें। इस दौरान संयुक्त दल द्वारा बाल भिक्षावृत्ति करते हुए 08 बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास की कार्यवाही भी की गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री मानसिंह सेन, सदस्य रवि राठौर, श्रम निरीक्षक अजय राठ, रेलवे निरीक्षक श्री देवेश मोहनानी, सुमित गौर, दीपक राठौर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

22 दिन बाद आष्टा में झमाझम बारिश, कई कॉलोनियों में जलभराव

आष्टा। 22 दिन बाद शुक्रवार को आष्टा और आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। सुबह करीब दो घंटे तक हुई वर्षा से मौसम सुहावना हो गया, लेकिन कई कॉलोनियों में जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दुग्गली रोड, सेमिनरी रोड, बाईपास रोड और अन्नपूर्णा कॉलोनी सहित कई इलाकों में पानी भर गया।

अब तक आष्टा में 21.60 इंच और जावर में 19.13 इंच बारिश दर्ज होने से खुशाई का वर्षा कोटा पूर्ण हो गया है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को भी तेज बारिश की संभावना जताई है।

नई चंदेरी में झूलते बिजली तारों से हादसे का खतरा, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के बिलखिरगंज विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम नई चंदेरी में झूलती एलटी बिजली लाइनें ग्रामीणों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनी हुई हैं। कई स्थानों पर बिजली के तार मकानों के बेहद करीब लटक रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है।

ग्राम के किसान गोपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने लाइनमैन और संबंधित अधिकारियों को फोन पर झूलते तारों की सूचना दी थी, लेकिन अभी तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि घटना तो मौसम ने लिखते और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि तेज हवा और बारिश के दौरान तार टूटने या खंभे गिरने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बच्चों, किसानों और राहगीरों की सुरक्षा पर संकट खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसी विद्युत केंद्र के ग्राम कालरा में पहले भी करंट लगने से एक किसान अपना हाथ गंवा चुका है। इसके बावजूद विद्युत व्यवस्था में आवश्यक सुधार नहीं किए गए। लोगों का कहना है कि तारों के साथ केबल मुहैया करने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की तय होनी चाहिए। विद्युत वितरण कंपनी ने शीघ्र ही शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की

सावन में तीसरे सोमवार पर बनेगा नागपंचमी का दुर्लभ संयोग

डीआर संवाददाता»सीहोर

भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण मास इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक महत्व लेकर आया है। 30 जुलाई से शुरू हुआ सावन 26 अगस्त यानी रक्षाबंधन तक चलेगा। इस बार सावन पूरे 30 दिन का रहेगा और भादों को व्रत-पूजन के लिए चार सोमवार मिलेंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा के अनुसार सावन का तीसरा सोमवार 17 अगस्त को पड़ेगा और इसी दिन नागपंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। चार सोमवार वाले सामान्य सावन में नागपंचमी का सोमवार को पड़ना अत्यंत दुर्लभ संयोग माना जाता है। पिछले 33 वर्षों में यह अवसर केवल नौवीं बार आया है। इससे पहले वर्ष 1986, 1990, 2012 और 2019 में ऐसा संयोग बना था। वर्ष 2023 में भी नागपंचमी सोमवार को थी, लेकिन उस समय अधिकमास के कारण सावन 58 दिनों का और चार सोमवार वाला था।

पारंपरिक पंचांगों के अनुसार सोमवार भगवान शिव और नागपंचमी नाग देवता की पूजा का प्रमुख दिन है। इस बार सोमवार, नागपंचमी और शुभ योग का संयोग विशेष फलदायी माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि कालसर्प दोष, राहु-केतु की अनुकूल दशा या मांगलिक दोष से प्रभावित लोग इस दिन शिवलिंग पर चांदी के नाग-नागिन अर्पित कर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें तो विशेष पुण्य और शुभ फल की प्राप्ति होती है।

कृषि सचिव ने उपार्जन व्यवस्था की वीसी के माध्यम से की समीक्षा

किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, सजगता, सतर्कता एवं तत्परता से करें कार्य - कृषि सचिव , बखड़े

डीआर संवाददाता»सीहोर

कृषि विभाग के सचिव निशांत बखड़े ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में संचालित उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। सीहोर कलक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री बालागुरु के, तथा कृषि उप संचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय सहित सभी संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि किसानों से मूंग उपार्जन का लक्ष्य बढ़ाकर लगभग 60 प्रतिशत तक किया गया है। इसके अनुरूप पोर्टल पर बढ़ी हुई मात्रा अपडेट कर दी जाएगी। जिन किसानों द्वारा अपनी सीमांकृत मात्रा का विक्रय किया जा चुका है, वे पुनः स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे। वहीं जिन किसानों की आगामी स्लॉट बुकिंग पहले से निर्धारित है, उनकी बढ़ी हुई मात्रा स्वतः पोर्टल पर अपडेट हो जाएगी।

बैठक में किसानों को सुगम एवं पारदर्शी उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराने, खाद की उपलब्धता, स्लॉट बुकिंग, उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं तथा स्टॉक प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-समय पर व्यापारियों के स्टॉक की भी सैंपलिंग की जाए।

सचिव श्री बखड़े ने निर्देश दिए कि किसानों को खाद की उपलब्धता में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आनी चाहिए। जिला उर्वरक डिलेरों पर साफ निगरानी रखी जाए तथा यूरिया सहित अन्य उर्वरकों का स्टॉक प्रबंधन स्टॉक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उपार्जन केन्द्रों एवं वेयरहाउसों पर केवल साफ एवं गुणवत्तापूर्ण उपज ही प्राप्त की जाए तथा तौल-कांटा पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता से संचालित किया जाए।

उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपार्जन समितियों के माध्यम से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

सीहोर पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों के सम्मान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनकी सक्सेना ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, उपहार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ और सुखद सेवानवास के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा अनुभवों को सुना और उनके परिवारजनों के भी बधाई दी।

उन्होंने सभी को स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभाग में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक कमल सिंह को 37 वर्ष 8 माह 21 दिन की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर सम्मानित किया गया। वहीं दुर्गा प्रसाद दीक्षित को प्रधान आरक्षक पद से 35 वर्ष 2 माह की सेवा पूर्ण करने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, क्षेत्र निरीक्षक उपेंद्र यादव, मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर, सूबेदार प्रायी राजपूत, सूबेदार अजय मिश्रे, उप निरीक्षक राहुल भौराखा, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन तथा पुलिस विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

न्यूज गैलरी

साइकिल रैली आज उदयगिरि में पौधरोपण

विदिशा। राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह 7 बजे स्टेडियम से उदयगिरि तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया जाएगा। दिनभर में युवाओं, खिलाड़ियों, शिक्षार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

हिउस की मतदाता सूची का प्रारूप आज प्रकाशित

विदिशा। हिंदू उत्सव समिति की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय राघवपुरा स्कूल के सामने किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन करने की अपील की है।

12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत लगेगी

विदिशा। जिले में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत लगेगी। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजीनामा योग्य प्रकरणों के निष्कर्ष के लिए तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। संबंधित विभागों को ऐसे प्रकरणों की सूची निर्धारित प्रारूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जैतपुरा में उड़द फसल प्रदर्शन का निरीक्षण

विदिशा। दलहन आत्मनिर्भर मिशन के तहत ग्राम जैतपुरा में किसान कालीचरन मोहनलाल अहिरवार के खेत पर लगाए गए उड़द फसल प्रदर्शन का निरीक्षण भारत सरकार के दलहन विकास निदेशालय, भोपाल के तकनीकी अधिकारी डॉ. रामकल्याण एम.डी. समीर सिलावट ने किया। इस दौरान जिला सलाहकार डॉ. दीपक तिवारी, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी टिन्नी अडलक तथा राजेन्द्र रघुवंशी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उन्नत किस्मों की वृद्धि, पौधों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन का अवलोकन कर किसानों को पराली प्रबंधन, बीज एवं रोग नियंत्रण तथा संतुलित जैविक उपयोग की प्रेरणा दी। प्रदर्शन में उड़द की उन्नत किस्म आईपीयू-13-1 का उपयोग किया गया है।

शिविरों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए

विदिशा। जिले में मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण अभियान के तहत 7 अगस्त से 8 जनवरी तक ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रथम चरण के शिविरों का विकासखंड एवं ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम जारी करते हुए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों में राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, बिजली, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और आमजन की शिकायतों का मौके पर निराकरण करेंगे।

प्रदर्शनः मप्र में देश के कई राज्यों से कम स्टाइपेड से आक्रोश

चरणबद्ध प्रदर्शन से नहीं बनी बात तो इंटर्न डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

प्रदर्शनरत मप्र में देश के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। डॉक्टर वर्तमान में मिल रहे 14,337 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग कर रहे हैं।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जिसका असर मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखने लगा है।

इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वे इमरजेंसी ड्यूटी, ओपीडी, वार्ड प्रबंधन, सर्जरी के इलाज और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी निभाते हैं। इसके बावजूद मध्यप्रदेश में मिलने वाला स्टाइपेंड देश के कई राज्यों की तुलना में काफी कम है। उनका कहना है कि कक्षाएं महंगाई और उसे समय तक ड्यूटी के बीच इतने कम मानदेय में गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

हड़ताल के कारण ओपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम और सर्जरी वार्ड समेत कई विभागों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इंटर्न डॉक्टरों ने दावा है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर फैसला नहीं लेती, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। डॉक्टरों ने बताया कि उनका आंदोलन नया नहीं है। 9 जुलाई से वे चरणबद्ध तरीके से विरोध कर रहे थे। पहले

मेडिकल कॉलेज के डीन को ज्ञापन दिया गया। इसके बाद अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। फिर मेडिकल कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया और काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया गया।

डॉक्टरों का कहना है कि लंबे तक निर्णय नहीं होने के बाद उन्होंने 31 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। उनका कहना है कि कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में भी उन्होंने लगातार सेवाएं दीं।

काम के अनुरूप मानदेय मांग रहे

डॉक्टरों का कहना है कि वह किसी अतिरिक्त सुविधा की नहीं, बल्कि आज के समय के अनुरूप उचित मानदेय की मांग कर रहे हैं। इंटर्न डॉक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि सभी लोकतांत्रिक तरीके अपनाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसलिए सभी इंटर्न डॉक्टरों ने सामूहिक रूप से पूर्ण कार्य बहिष्कार का फैसला लिया। जब तक स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगी।

मंडी शुल्क बढ़ोतरी पर कांग्रेस का विरोध, सरकार को चेतावनी

कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम को ज्ञापन सौंपा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के फैसले का विरोध तेज हो गया है। इसी क्रम में विदिशा में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष महिपाल रघुवंशी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने तर्क दिया कि मंडी शुल्क में बढ़ोतरी का सीधा असर किसानों, व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इससे कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलने में कठिनाई होगी, और बाजार में खाद्यान्न सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका है। उनका कहना है कि अंततः इसका प्रभाव आम जनता पर महंगाई के रूप में दिखाई देगा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकार ने व्यापारिक संगठनों और किसान प्रतिनिधियों से बिना चर्चा किए यह निर्णय लिया है, जिससे व्यापारिक

मंडी शुल्क नहीं बढ़ाने की मांग

कांग्रेस ने 4 सूत्रीय मांगें रखीं। इनमें मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय तत्काल वापस लेने, किसान एवं व्यापारी संगठनों से व्यापक चर्चा के बाद नई नीति बनाने, किसानों और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ न डालने वाली व्यापक एवं कृषि हितैषी नीति लाने तथा फसलों में किसी भी शुल्क वृद्धि से पहले सभी हितधारकों से विचार-विमर्श करने की मांग शामिल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महिपाल रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मंडी शुल्क वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया, तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं व्यापार प्रकोष्ठ किसान और व्यापारी संगठनों के साथ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। कांग्रेस ने यह भी आशंका जताई कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक मंडी शुल्क होने से व्यापार प्रदेश से दूसरे राज्यों की ओर स्थानांतरण कर सकता है।

घायल मिला तेंदुए का शावक रेस्क्यू कर भोपाल भेजा

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

ग्राम रघुनाथपुर के जंगल में शुक्रवार सुबह 9 बजे शावक अवस्था में तेंदुए का एक शावक मिला। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान सफलता शावक को सुरक्षित बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए वन विहार, भोपाल भेज दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र कुमार सहरिया को सूचना मिली थी कि ग्राम रघुनाथपुर स्थित स्टेडियम के पीछे कंपार्टमेंट नंबर-120 की झाड़ियों में तेंदुए का शावक घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना पर डिप्टी रेंजर राजकिशोर अहिरवार, वनपाल मोहित लोधी, बीट्स लोधी और हेमंत रघुवंशी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से टीम उस स्थान तक पहुंची, जहां शावक घनी झाड़ियों के बीच बैठा मिला। घायल होने होने से वह चलने-फिरने में असमर्थ था। उस समय से शावक का रेस्क्यू कर गाड़ी वाहन से शासकीय पशु चिकित्सालय पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए वन विहार, भोपाल रेफर कर दिया गया। वन विभाग का मानना है कि एक शावक स्वस्थ नहीं तेंदुए का है, जिसे लगभग डेढ़ माह पहले वन लेकर के उपचार में कांकरी ने हमलाकर मुंह में देखा था। शावक के मिलने से यह संकेत भी मिला है कि मादा तेंदुए की गौतूनी अब भी लापता होने के जंगलों में बनी हुई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की।

पटवारी से भर्ती हुए, क्या पटवारी बनकर ही होंगे रिटायर ? सोमवार से कलमबंद हड़ताल

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

5 बड़े काम प्रभावित होंगे

1. खसरा 10 एवं 20 में नई रजिस्ट्रियों के प्रतिवेदन और अमल रकबे से नामांतरण अटक जाएगा।

2. खसरा दुरुस्त से दर्ज होने वाली जानकारियां प्रभावित होंगी।

3. म्यूटेशन और बंटवारे के आदेश कंप्यूटर में बंद रहेंगे।

4. आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का सत्यापन प्रभावित होगा।

5. दैवी या अन्य कारण जमीनी की प्रक्रिया बन जाएगी।

अब प्रमोशन के रास्ते खोले हम एक सप्ताह से सिर्फ ऑनलाइन काम कर रहे थे। हमारी बीवी मान है कि

आरआई और नायब तहसीलदार के पदों पर प्रमोशन के रास्ते जल्द से जल्द खोले जाएं। सरकार ने अगर सुध नहीं ली, तो सोमवार 3 अगस्त से सड़ा जाम कलम बंद

हड़ताल होगी।

—मनोज बघेल, जिलाध्यक्ष, पटवारी संघ विदिशा

आरती के दौरान मंदिर में चोरी का प्रयास, एक आरोपी को दबोचा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा रेलवे स्टेशन स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में शुक्रवार तड़के चोरी का प्रयास सफल नहीं हो सका। सुबह करीब 6 बजे सुरक्षा सिद्धेश्वरी मंदिर में आरती चल रही थी। इसी दौरान चोरी के परिसर के पीछे स्थित राम मंदिर की निशाना बनाया गया। सुबह की सूचना पाते ही पुलिस ने प्रवेश किया। जानकारी के अनुसार, चोरी में वह सफल नहीं हो सका। आरती के पश्चात जाने पर आयोजित श्रद्धालुओं ने उसके बाद उसकी हरकत को देखते हुए वन विहार, भोपाल रेफर कर दिया गया। इन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है। इसी बीच बीच कुछ श्रद्धालुओं को संदेह हुआ कि मंदिर में से कुछ संदिग्ध कार्यवाही पर उन्हें गई। उन्होंने तत्काल पीछा कर एक आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया, जबकि एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया।

आरोपी के पकड़े जाने पर आयोजित श्रद्धालुओं ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने बताया कि वे सात सदस्यीय गिरोह का हिस्सा है। इससे पहले दो आरोपी मंदिर परिसर में चोरी करने पहुंचे थे, जबकि अन्य बाहर गोदाम थे।

कबाड़ से बने बॉटल बिन, अब नालियां नहीं होंगी चोक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नपा ने शहर को साफ-सुथरा बनाने और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए सकारात्मक पहल शुरू की है। नपा ने अपने पास रखे बेकार कबाड़ यानी वेस्ट मटेरियल, पुराने लोहे, टीन और रॉड का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए आकर्षक बॉटल बिन का निर्माण किया है।

इन बॉटल बिन को शहर के पांच प्रमुख चौराहों पर रखा जा रहा है। नपा की इस पहल की सबसे खास बात यह है कि इसमें नपा स्टाफ खुद काम करने के बजाय कार्यालय में पड़े अनुपयोगी सामान को रीसाइकल किया गया है। बॉटल बिन ने सिर्फ देखने में आकर्षक हैं, बल्कि शहर के चौराहों को सुंदर लुक भी दे रहे हैं।

सीएमओ बोले-नागरिकों का सहयोग जरूरी

सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका ने वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर यह रचनात्मक प्रयास किया है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है और नागरिकों का अच्छा रिस्पांस मिलता है, तो शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी ऐसे बॉटल बिन रखवाए जाएंगे। विदिशा के सभी नागरिकों से अपील है कि वे कचरा सड़कों पर फेंकने के बजाय इन बॉटल बिन का उपयोग करें। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में नपा का सहयोग करें। सफाई व्यवस्था होगी आसान-तक अक्सर देखने में आता है कि लोग इस्तेमाल के बाद खाली प्लास्टिक की बोतलें, दूध की थैलियां या अन्य वेस्ट आइटम सड़कों और नालियों में फेंक देते हैं। इससे नालियां चोक हो जाती हैं। अब प्लास्टिक वेस्ट सीधे इन बॉटल बिन में एकत्र होगा।

शिवलिंग निर्माण व कथा के लिए कलश यात्रा आज

विदिशा। पार्थिव शिवलिंग निर्माण समिति द्वारा आयोजित 13वें वर्ष के पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं 108 भागवत मूल पारायण सहित नगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ होगा। यात्रा शाम 4 बजे साधारणतः मंदिर स्थित अवधपाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए दिगंबरेश्वर बैरोबाद होल स्थित कथा स्थल पहुंचेगी। कथाओं में 7 तपुओं एवं 108 पंडित मंदिरों के जल का मिश्रण रखा जाएगा। आयोजन में चतुर्वेद पारायण, श्रीसूक्त पाठ, गणेश अथर्वशीर्ष पाठ सहित विभिन्न

अभियान

विसिमापन पर आडिटोरियम में छात्रों ने दी प्रेरणादायक प्रस्तुतियां

15 दिन में 2 लाख लोगों से नशामुक्त रहने की अपील

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए गए नशे से दूरी है जरूरी 2025 अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। 15 जून 30 जुलाई तक चले इस शिविरों में दिवसीय अभियान के दौरान जिलेभर में कुल 568 जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से 2 लाख से अधिक लोगों तक प्रत्यक्ष रूप से नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया गया, जबकि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए 21 लाख से अधिक लोगों तक अभियान की पहुंची।

अभियान के तहत पुलिस ने केवल शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि गांवों तक पहुंचकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। इन दौरान पर चौपाल, रैली, मानव श्रृंखला, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, चित्रकला, निबंध और गान-दिवस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सोशल मीडिया पर वीडियो, रील्स और ऐनिमेटेड कहानियों के माध्यम से भी लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। समापन समारोह में नशे से दूरी है जरूरी 2025 अभियान पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। बालसंघ स्कूल के बैंड ने अभियान गीत प्रस्तुत किया।

ओलम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने म्यूट एक्ट और शार्पस एकाडेमी स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

समारोह में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता केजरिया रघुवंशी, नगरपालिका प्रीति रजेश शर्मा, डीआईजी राकेश सिंह चंदेल और एसपी शैलेंद्र सरसवानी सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसमें परिवार, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समापन समारोह में अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, नगर रक्षा समिति, ब्रह्मकुमारी संस्था, नागरी परिवार, संस्कार मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, विद्यार्थियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

डीआईजी ने कोतवाली थाने का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

उप पुलिस महानिरीक्षक (देवास) रेंज भोपाल राजेश सिंह बंदेल ने एसपी शैलेंद्र कोहाचाणी के साथ थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों, अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड, लंबित मामलों और पुलिस व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर एएसपी मोनिका तिवारी, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, यातायात थाना प्रभारी आशीष राय सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

श्रवण कृष्ण पक्षा-03,2083

विदिशा,दिन शुक्रवार,दिनांक 01 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

मेंटेनेंस के चलते आज चार घंटे तक बंद रहेगी बिजली

, राजगढ़। शहर की बिजली कंपनी द्वारा आज शनिवार 1 जुलाई को 33kv केवी उपकेंद्र राजगढ़ में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।जेई संजीव जिन्सी ने जानकारी दी कि मेंटेनेंस के दौरान नवाब नंबर-3, मोहनपुरा कॉलोनी, संकट मोचन, इंदिरा कॉलोनी, राजमहल, मंडारा गली, पीली कॉलोनी, फतेहगढ़ कॉलोनी, उदयन नगर, सिविल लाइन, इंगले कॉलोनी, हॉस्पिटल रोड, खुजनेर रोड, बारहारी नाका, वाल्मीकि कॉलोनी, शिवधाम, पुराना बस स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। समय बदला जा सकता है।

राम नाम बैंक में 5 करोड़ से अधिक राम नाम जमा

सारंगपुर। कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल द्वारा कपिलेश्वर तीर्थ धाम में संचालित राम नाम बैंक श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गई है। यहां प्रतिदिन कई संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीराम का नाम लिखकर बैंक में जमा कर रहे हैं। अब तक इस बैंक में 5 करोड़ से अधिक राम नाम संकलित हो चुके हैं।समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि कपिलेश्वर तीर्थ पर अखंड सम्वाद पाठ, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और धार्मिक गतिविधियों के साथ राम नाम बैंक की स्थापना की गई थी। भगवान कपिलेश्वर, प्रभु श्रीराम और संकटमोचन हनुमानजी की कृपा से यह तीर्थ क्षेत्र न सिर्फ आस्था का श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनता जा रहा है।समिति के सचिव कैलाश शर्मा ने बताया कि श्रावण माह समाप्त होने के बाद राम नाम बैंक में संकलित सभी राम नामी को एकत्र कर अयोध्या स्थित सेंट्रल राम नाम बैंक में विधिवत जमा कराया जाएगा। यह निर्णय समिति द्वारा श्रद्धालुओं की आस्था को और व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से लिया गया है।

फ्रीज खरीदने के कुछ दिनों में खराब हुए डोर को भी बदलना होगा

जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग ने ग्राहक के पक्ष में सुनाया फैसला

देश की नामचीन वर्लपूल कंपनी पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

डीआर संवाददाता ▪▪ राजगढ़

इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्तक विक्रेता कंपनी वर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड पर राजगढ़ जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग ने 10 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। उपभोक्ता सेवा में कमी के चलते यह फैसला सुनाया गया है। संबंधित ग्राहक ने सेवा में कमी के चलते आयोग की शरण ली थी। मामले में उपभोक्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जेपी शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत राजगढ़ निवासी उपभोक्ता विनोद कुमार बैरागी द्वारा विवेक इंटरप्राइजेस, राजगढ़ से एक वर्लपूल कंपनी का डबलडोर रेफ्रिजरेटर खरीदा गया था।

फ्रीज खरीदने के कुछ ही दिनों बाद उसका डोर (दरवाजा) क्षतिग्रस्त हो गया और उसके कांच टूट-फूटकर फ्रीज के अंदर-बाहर गिरने लगे जिसके चलते पूरे नए फ्रीज का रंग-रूप ही बदल गया।

उपभोक्ता ने दुकानदार सहित कंपनी को बताया उसका नए फ्रीज का डोर खुले हुई दिनों में क्षतिग्रस्त होने पर उपभोक्ता की बैरागी द्वारा रेफ्रिजरेटर में आयी इस समस्या से दुकानदार और निर्माता कंपनी को अवगत कराया गया। दुकानदार ने शिकायत को गंभीरता से लेकर अपना मैकेनिक उपभोक्ता के घर भेजा जिसने उपभोक्ता की शिकायत सही पाई गई। मैकेनिक ने कहा कि फ्रीज के क्षतिग्रस्त डोर पर रेफ्रिजरेन्ट लगा देते हैं। उपभोक्ता द्वारा रेफ्रिजरेन्ट लगवाने से मना कर दिया कि रेफ्रिजरेन्ट लगाने से उसका डोर ठीक नहीं होगा। उपभोक्ता द्वारा दुकानदार से निवेदन किया कि उसके रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदल दे। इस पर दुकानदार ने उपभोक्ता की शिकायत का निराकरण कंपनी से करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि शिकायत कंपनी को भेजी जा चुकी है। लंबे समय उपरांत भी जब कंपनी द्वारा ग्राहक की बैरागी की शिकायत का निराकरण नहीं किया और न ही रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदला।

परेशान ग्राहक पहुंचा उपभोक्ता आयोग

परेशान ग्राहक द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण ली और अपने अधिवक्ता पी. शर्मा के माध्यम से परिवाद लगाया। जिला उपभोक्ता अदालत राजगढ़ द्वारा आदेश पारित करते हुए वर्लपूल कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को 02 माह के अंदर उपभोक्ता के क्षतिग्रस्त रेफ्रिजरेटर के निकले डोर को बदलने सहित उपभोक्ता को हुई आर्थिक व मानसिक क्षति के रूप में 10 हजार रुपए हर्जाना दिए जाने का आदेश दिया गया है। आयोग अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे, सदस्य सुरेश सक्सेना, सीमा सक्सेना की बेंच ने देश की जानी मानी कंपनी के खिलाफ यह फैसला पारित किया है।

मंडियों में मंडी शुल्क 1 से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत वृद्धि वापस लेने की मांग

डीआर संवाददाता ▪▪ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों ने सारंगपुर में एक जनसभा का आयोजन किया। इस सभा में किसान नेताओं, व्यापारी प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बढ़ी हुई मंडी शुल्क दर को किसानों पर अनुचित आर्थिक बोझ बताया। वक्ताओं ने कहा कि मंडी शुल्क में वृद्धि का सीधा असर किसानों और व्यापारियों पर पड़ेगा। उनका कहना था कि इससे कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, जिसका अंतिम बोझ किसानों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने यह निर्णय किसान और व्यापारी संगठनों से चर्चा किए बिना लिया है। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की कि अंतिम निर्णय होने तक मंडी शुल्क को सरकार द्वारा से 1.5 प्रतिशत से घटाकर पूर्ववत 1 प्रतिशत किया जाए। साथ ही किसान एवं व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यापक किसान हितैषी नीति बनाई जाए तथा कृषि में किसी भी प्रकार की शुल्क वृद्धि से पहले किसानों और व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दी जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने इस निर्णय को किसान और व्यापारी विरोधी बताते हुए सरकार से पुनर्विचार की मांग की। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव देवीसिंह राजपूत, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नुरुलहसन खाती, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेश मालवीय, जनपद सदस्य बनवारीलाल मालवीय, युवक

सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी बस, एक यात्री की मौत और 6 घायल

डीआर संवाददाता ▪▪ नरसिंहगढ़

नेशनल हाईवे-52 पर कालनवास क्षेत्र के पनवाती जोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार लोकल बस सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कम से कम 6 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को निजी वाहनों से शासकीय अस्पताल नरसिंहगढ़ पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान एक अज्ञात यात्री की मौत हो गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। कालनवास थाना प्रभारी सचिन शर्मा के अनुसार बाब वना इन्दौर एमपी 33 पी 1086 बारना से पचोर की ओर जा रही थी। लोकल-पनवाती जोड़ के पास चालक ने अनियंत्रित रूप से तेज गति और लापरवाही से बस चलाते हुए सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में होमगार्ड शिवकुमार 75 निवासी पाली, गोकुल प्रसाद मालवीय 63 निवासी कालनवास, मोहन सिंह 35 निवासी खजूरी (ग्रामीण) व शांतिबाई 50 निवासी हाडोड़ी व्यवसा, बाबाखेड़ी निवासी अनिल दुबे सकमामू वर्ष 12 और पंचिरी निवासी कृष्णा पुत्री सुरेश वर्ष 17 घायल हो गए। वहीं ट्रक चालक गंजी, जो अपनी पहचान नहीं बता पा रहा था, ने पचोर क्षेत्र 3.15 बजे उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही व रफ्तार बढ़ने कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल टक्कर के बाद चालक फरार हो गया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। कालनवास-पनवाती जोड़ के पास हादसा, ट्रक से टकराई बावरे-पचोर रूट घायलों का दावा- तेज रफ्तार बस खड़े ट्रक से टकराई भी इस तरह चालक को पचोर अस्पताल ले जाया गया।बस में यात्रा गाड़ियों ने बताया कि चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था।

9 हजार रूपए की साड़ी चोरी की 3 आरोपी महिलाएं गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▪▪ ब्यावरा

शहर के ओल्ड एबी रोड स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर के सामने गुरुकृपा कलेक्शन में शुक्रवार दोपहर तीन महिलाओं ने करीब 9 हजार रुपए कीमत की छह साड़ियां चोरी कर लीं। घटना के समय दुकान संचालक बाहर गए हुए थे।

दुकान पर मौजूद कर्मचारी को महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। सीसीटीवी फुटेज देखने पर महिलाएं साड़ियां बैग में रखकर दुकान से निकलती दिखाई दीं।

सूचना मिलते ही दुकानदार और आसपास के व्यापारियों ने महिलाओं का पीछा किया। थाना परिसर के सामने अपना नगर मार्ग पर तीन महिलाओं को पकड़ लिया गया, जबकि दो महिलाएं फरार हो गईं। महिलाओं को सिटी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। दुकान संचालक सत्यसिंह कुशवाह ने बताया कि महिलाएं खरीदारी के बहाने कई साड़ियां देखकर बिना

पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश बनाते पांच गिरफ्तार

डीआर संवाददाता सारंगपुर

राजगढ़ जिले की बोड़ा पुलिस ने पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की साजिश नाकाम की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उनोद रोड पर हनुमान मंदिर के पीछे कुछ बदमाश पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने वहां दबिश देकर पांच आरोपियों को हथियारों और मिर्च पाउडर के साथ गिरफ्तार कर लिया।

भागने की कोशिश कर रहे थे बदमाश

पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान दुर्गेश, नीतेश, आजाद, बंटू और बबलू के रूप में हुई है, जो रायी उनोद थाना क्षेत्र के कलमुरा के रहने वाले हैं। मौके पर मिर्च पाउडर, लकड़ी, रस्सी और लोहे की बाल्टी से इकट्ठे हो रहे थे। पुलिस ने मौके से एक चाकू भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि ये लोग पहले भी लूट की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 310(4) और 310(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

कांग्रेस ने किसानों की उपज खरीदी पर टैक्स बढ़ोतरी का विरोध किया

डीआर संवाददाता ▪▪ खुरबाई

मध्य प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदी पर टैक्स बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी खुरबाई में प्रदर्शन करते हुए मंडी शुल्क को मुख्यमंत्री एवं राजस्व के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से टैक्स बढ़ाने संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कीर्ति महाराज बिसेन सिंह छौरी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरबाई के नेतृत्व में उपोग एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र रावेर द्वारा यह ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों की उपज खरीदी पर टैक्स बढ़ाने से किसानों और कृषि कारोबार से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रेम किलेर गोंड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खुर्शीद मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश दलाल, जनपद सदस्य मनीष नागर, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. संजीव मीणा, पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार मेकड़े, राजेंद्र प्रसाद (प्रतिनिधि), पार्षद लखन जैहान, पार्षद शाहिल मिर्जी, बडल अध्यक्ष नवल सिंह सोलंकी,सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण नागौर, कार्यकर्ता संघ प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गंदगी का ढेर जानवरों के अवशेष कचड़, प्लास्टिक आर पालियान के बीच खुल में सड़ रहे

स्वच्छता की खुली पोल, मीटमार्केट का गंदा पानी डैम में जा रहा

डीआर संवाददाता ▪▪ जोरापुर

स्वच्छ भारत और स्वच्छ जोरापुर के बड़े-बड़े दावे नगर के बीच स्थित आवास कॉलोनी छापी डैम के समीप लगी मीट मार्केट के कारण दम तोड़ रहे हैं। जनगर का यह मीट मार्केट आज गंदगी का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है, जहां इंसान का खड़ा रहना भी दूभर हो गया है।वहां । कि स्थिति स्पष्ट है मार्केट के पीछे खाली न मैदान में गई हुई नफरियां, उनके कटे के हुए सड़े टुकड़े, मुर्गा-मीट वेस्ट और न जानवरों के अवशेष कीचड़, प्लास्टिक । और पॉलिथीन के बीच खुले में सड़ रहे र है। जगह-जगह हड्डियां और खून से सनी पॉलिथीन के ढेर लगे हैं। इस सड़े हुए वेस्ट को जीव, खुले और आवारा मवेशी नोच-नोच कर उस रहवासी इलाके में न फैलाते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भयानक दुर्गंध फैली हुई है।

नियम सिर्फ कागजों में हकीकत में नर्क

नियमानुसार मीट मार्केट का वेस्ट नगरपंचायत विसर्जित किया जाना चाहिए और पानी को ट्रीटमेंट के बाद ही छोड़ा जाना चाहिए। लेकिन यहां नियमों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मीट मार्केट का गंदा पानी जाली के माध्यम से छापी डैम में भी मिल रहा है। इसी डैम का की शुद्ध पेयजल के रूप में इस्तेमाल मवेशी को पिलाया जाता है। इस कारण लोगों को पीने के पानी में बिमारियों मिलती रहती है।

बीमारियों का खतरा: लोग आशंकित अनी और मवेशी ये पशु जाकर, मलबों और कोड़े झूलते यह जाते हैं इसे मैदान मुश्किल हो गया है। इन्फेक्शन बीमारियों का खतरा लगातार होने की लापरवा करी वैक्षेत्र के पड़ोसियों के प्रशासन से जताई गई है कि मीट मार्केट को तुरंत नगर की सीमा से बाहर शिफ्ट किया जाए। जनहित में मांग की गई वाद्य सवान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होनाहालकि पूर्व में अनेकों बार प्रशासन नगर परिषद को समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित कर यह राष्ट्र मामला संज्ञान में लाया जा चुका है, इतना ही नहीं इस मामले में विधायक हजारीलाल रावी ने इसके बाद तीन वर्ष का जनप्रतिनिधियों एवं बालिक ग्रो के साथ मौका देखकर तत्काल मीट मार्केट हटवाने तथा शुद्ध जल सप्लाई के लिए निर्देशित किया था लेकिन बार परिषद ने इस समस्या को अनदेखा किया।

इमामकलाँ . .

सागर में तीन टंकियां है जिनमें डबुमवेल से तथा सोम-सील में फिल्टर पंप से पानी सप्लाई किया जाता है।

सुनील जागर, जल शाखा प्रभारी नगर पालिका जोरापुर।

राजगढ़ में सुहाना मौसम, लेकिन बीमारियों का खतरा बढ़ारू स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

डीआर संवाददाता ▪▪ राजगढ़।

जिले के खिलचीपुर क्षेत्र में शनिवार को मौसम सुहाना बना रहा। सुबह से आसमान बादलों से घिरा रहा और रुक-रुककर हल्की बारिश होती रही। बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन इसके साथ ही मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सिलचर में स्वास्थ्य अलर्ट जारी कर नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि मानसून के दौरान वायरल, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया और विषाणुजनित जैसी जलजनित एवं गंधजनित बीमारियों के मामले बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से केवल उबला, फिल्टर या क्लोरीनयुक्त स्वच्छ पानी पीने, ताजा और गर्म भोजन करने तथा खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की सलाह दी है।

स्वास्थ्य विभाग ने घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने, कूलर व पानी की टंकियों की नियमित सफाई करने और मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े, मच्छरदानी तथा मच्छरनाशी क्रीम का उपयोग करने की अपील की है। साथ ही खुले में बिकने वाले कटे फल, बासी और असंतुलित भोजन से बचने तथा फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही खाने की सलाह दी गई है। विभाग ने कहा कि सावधानी अपनाकर मौसमी बीमारियों से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।